



# टक्कर मारकर बाइक से गिराया पेट में लोहे की रॉड घुसाई, मौत

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 27 दिसंबर।** सरकारी प्लॉट बेचने के विवाद में बोलेरो में सवार होकर आए 17 बदमाशों ने एक बाइक सवार युवक को पहले तो टक्कर मारकर जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद उसकी लाठी-डंडों से पीटा और पेट में लोहे की रॉड घुसेड़ने के बाद भाग निकले। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना शुक्रवार शाम 4.50 बजे हुई। जौरा पुलिस ने 16 नामजद, एक अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार रानू गुर्जर निवासी नूराबाद व ब्लॉकपुरा जौरा निवासी नरेंद्र पुत्र सिरनाम गुर्जर के बीच सरकारी प्लॉट बेचने को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। शुक्रवार को रानू उर्फ रविंद्र गुर्जर गजेंद्र उर्फ बंटी गुर्जर पुत्र प्रताप सिंह गुर्जर, हंसराज गुर्जर, रनवीर गुर्जर, टिंका उर्फ टिंकू विवादित मामले में पैरवी करने के लिए जौरा न्यायालय आए थे। यह सभी लोग अलग-अलग बाइकों पर सवार

**आपसी विवाद को लेकर अलापुर नहर पर हुई घटना, 17 लोगों ने दिया घटना को अंजाम**

होकर जौरा न्यायालय से निकले तो आरोपी नरेंद्र गुर्जर अपने 15-16 साथियों के साथ बोलेरो क्र. एमपी06-सीए-3725 और बाइक पर सवार होकर आया और उन्होंने रानू उर्फरविंद्र गुर्जर व टिंका गुर्जर की बाइक को रोकने की कोशिश की। उन्होंने बाइक अलापुर नहर की ओर दौड़ाना शुरू कर दिया। बोलेरो में सवार आरोपियों ने उनका पीछा करते हुए बाइक को टक्कर मारकर रानू उर्फ रविन्द्र व टिंका गुर्जर को सड़क पर गिरा दिया।

जिसके बाद बोलेरो में सवार बदमाशों ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर दोनों को अधमरा कर दिया। इसी दौरान एक आरोपी ने टिंका गुर्जर के पेट में सव्वल घुसेड़ दी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद आरोपी बोलेरो और बाइकों पर बैठकर भाग गए। घायल रानू उर्फ रविंद्र गुर्जर और टिंका गुर्जर को जौरा अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल और फिर वहां से ग्वालियर रैफर कर दिया गया, जहां रात को इलाज के दौरान टिंका की मौत हो गई।

**16 नामजद, एक अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज**

जानलेवा हमले और हत्या के मामले में जौरा पुलिस ने फरियादी गजेंद्र उर्फबंटी गुर्जर निवासी जद्दे का पुरा थाना नूराबाद की रिपोर्ट पर आरोपी नरेंद्र गुर्जर, सुनील पुत्र नरेंद्र गुर्जर, अनिल पुत्र नरेंद्र गुर्जर, अभिषेक उर्फ मरिया गुर्जर निवासीगण ब्लॉकपुरा जौरा, अजीत गुर्जर बिचपुरी, भानु यादव जाफराबाद, गोलू सिकरवार रंछोरपुरा, अनुज जादौन चचिहा, ध्रुव गुर्जर, अवधेश गुर्जर निवासीगण वार्ड 18 जौरा, गिर्राज गुर्जर टिकटौली, राजवीर गुर्जर, दिलीप गुर्जर, महीप गुर्जर निवासीगण रेहड़ा थाना तिघरा ग्वालियर, ऐदल गुर्जर, बलवीर गुर्जर निवासीगण गुजरना थाना चिन्नौनी सहित एक अज्ञात आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

# ट्रक में घुसी स्लीपर बस, पीछे से डंपर ने टक्कर मारी, 5 जख्मी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 27 दिसंबर।** एनएच-44 हाईवे पर शनिवार तड़के स्लीपर कोच बस आगे जा रहे ट्रक में जा घुसी, तभी पीछे से आ रहे 16 पहियों वाले डंपर ट्रक ने बस को टक्कर मार दी। इस हादसे में स्लीपर

**एनएच-44 पर शनिवार तड़के आरटीओ चेकपोस्ट पर हादसा**

कोच बस में सवार पांच मुसाफिरों को चोटें आईं है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार सत्यम ट्रेवल्स की स्लीपर कोच बस शनिवार तड़के सवारियां लेकर धौलपुर से मुरैना की ओर आ रही थी। स्लीपर बस जब एनएच-44 हाईवे पर आरटीओ चेकपोस्ट के नजदीक पहुंचीं, तभी आगे जा रहे एक ट्रक के ड्राईवर ने अचानक ब्रेक लगा दिए। तेज रफ्तार बस को ड्राईवर कंट्रोल नहीं कर पाया और स्लीपर बस ट्रक में पीछे जा घुसी। इसी समय स्लीपर बस के पीछे आ रहे डंपर क्रं. आरजे11-जीई-4025 का ड्राईवर भी स्थिति को भांप नहीं पाया और डंपर ने स्लीपर बस को पीछे से टक्कर मार दी। जोरदार झटका लगते ही बस में सो रहे मुसाफिर हड़बड़ाकर बस से बाहर निकले। हादसे में बस में सवार पांच मुसाफिरों को हल्की चोटें आईं। जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। सूचना मिलते ही सिविल लाईन थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंचीं और दुर्घटनाग्रस्त हुए वाहनों को हाईवे से हटाकर यातायात को सुचारू बनाया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।



## चक्काजाम कर रहीं महिलाओं ने पकड़ा पोरसा टीआई का कॉलर

**मुरैना, 27 दिसंबर।** भाजपा नेता की कार से कुचलकर दो लोगों की मौत के बाद एनएच-552 पर मृतकों के शव रखकर चक्काजाम कर रही भीड़ में उनके परिवार की महिलाएं भी शामिल थी। मौके पर अंबाह एसडीएम रामनिवास सिकरवार, एसडीओपी रवि भदौरिया, पोरसा टीआई दिनेश कुशवाह, अंबाह टीआई सत्येंद्र सिंह कुशवाह, दिमनी टीआई जितेंद्र सिंह, नगरा टीआई धर्मेंद्र गौर, महुआ टीआई सुखदेव चौहान फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे थे। गुस्साए लोगों को अधिकारी समझाने की कोशिश कर रहे थे, इसी दौरान आक्रोशित महिलाओं ने वहां मौजूद पोरसा टीआई दिनेश कुशवाह को कॉलर पकड़ लिया। हालांकि वहां मौजूद फोर्स ने गुस्साए लोगों पर जल्द ही काबू पा लिया। तकरीबन पांच घंटे की समझाइश के बाद अफसरों ने पीड़ितों की मांगें मानीं, जिसके बाद मृतकों के शवों को अंतिम संस्कार के लिए भेजा गया।

## मप्र शिक्षक संघ ने नवागत डीईओ को सौंपा 11 सूत्रीय ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 27 दिसंबर।** मप्र शिक्षक संघ की जिला इकाई की ओर से 11 सूत्रीय मांगों को लेकर नवागत जिला शिक्षाधिकारी बीएस इंदौलिया को शनिवार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन संघ के जिलाध्यक्ष पवन सिंह परिहार के नेतृत्व में सौंपा गया।

डीईओ को सौंपे गए इस ज्ञापन में क्रमोन्नति, एरियर, डीए के एरियर की राशि का भुगतान, 3.0 पोर्टल पर लोकसेवकों की जानकारी अद्यतन किए जाने, लंबित मेडिकल क्लेम प्रकरणों का निराकरण किए जाने, संकुल में कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका अद्यतन किए जाने, जनशिक्षकों के भ्रमण भत्ते में बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव भेजे जाने, सर्दी के प्रकोप को देखते हुए अशासकीय एवं शासकीय विद्यालयों का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किए जाने, आकस्मिक एवं ऐच्छिक अवकाश स्वीकृति के नियम स्पष्ट किए जाने, हायरसेकेंडरी एवं हाईस्कूल के शिक्षकों को बीएलओ कार्य में न लगाए जाने की मांगें शामिल है।

## आज मुरैना आएंगे कांग्रेस महासचिव चौधरी, होगा स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 27 दिसंबर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, प्रदेश प्रभारी विधायक हरीश चौधरी और सह प्रभारी राजस्थान के भरतपुर की सांसद संजना जाटव आज 28 दिसंबर को मुरैना आएगें। मुरैना आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा।

मुरैना पहुंच रहे प्रदेश प्रभारी चौधरी एवं सह प्रभारी संजना जाटव सुबह 11 बजे एनएच-44 हाईवे पर स्थित दया बैंक्वेट हाल में एसआईआर की समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। तत्पश्चात जिला समन्वय समिति बैठक लेंगे और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।





कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर ने समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मुरैना आगमन पर प्रदेश प्रभारी का जोरदार स्वागत किए जाने का आग्रह किया है। प्रवक्ता हरीश पाठक ने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री मधुराज तोमर के नेतृत्व में प्रदेश प्रभारी एवं सह प्रभारी के स्वागत की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। स्वागत के लिए आयोजन स्थल सहित हाईवे पर स्वागत द्वार बनाए गए है और होर्डिंग्स, बैनर लगाए गए है।

## नि :शुल्क शिविर : मायूस दिव्यांगों के चेहरे पर आई उम्मीदों की मुस्कान




**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 27 दिसंबर।** लॉयन्स क्लब मुरैना मयूरवन और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर द्वारा आयोजित नि:शुल्क दिव्यांग सहायता शिविर

**भिंड, गोहद, पोरसा, अंबाह के 300 दिव्यांगों को बांटे गए सहायक उपकरण**

में दूसरे दिन गोहद, भिंड, पोरसा और अंबाह से तीन सैकड़ा से अधिक दिव्यांग पहुंचें। सम्मानित जीवन जीने की आस छोड़ चुके इन दिव्यांगों को जब सहायक उपकरण मिले तो इनके मायूस चेहरों पर उम्मीदों की मुस्कार बिखर गई।

तीन दिवसीय शिविर के दूसरे दिन शनिवार को तीन सैकड़ा से अधिक दिव्यांगजन का विशेष मेडिकल टीम ने परीक्षण किया। जिसके बाद उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण प्रदान किए। शनिवार को 100 दिव्यांगों को टाईसाईकिल, 55 को हियरिंग एड, 65 को कृत्रिम अंग, 60 को बैशाखी, 30 को ब्लाइंड स्टिक, 40 को व्हील चेयर और 30 दिव्यागों को कैलिपर्स का वितरण किया गया। शिविर के आयोजकों ने बताया कि अंतिम दिन रविवार को शेष रहे दिव्यांगों को सहायक उपकरण प्रदान किए जाएगें।

**दूसरे दिन शिविर में यह रहे उपस्थित**

डॉ. योगेन्द्रपाल गुप्ता, अविनाश अग्रवाल, बृजेन्द्र गुप्ता, जुगलकिशोर गांगिल, राजकुमार बंसल, राजेश बांदिल, समीर बांदिल, विजय अग्रवाल, राहुल माहेश्वरी, रोहित गोलश, संजीव जिंदल, मनोज गोयल, श्याम बंसल, विष्णु गर्ग, सुनील गर्ग, विश्वनाथ गुप्ता, गौरव गोयल, प्रदीप बंसल, श्याम गोयल, रोमेश गुप्ता, मोहनलाल मंगल, राकेश गांगिल, मनोज अग्रवाल, हेमेन्द्र जैन सहित स्काउट, गाइड शनिवार को शिविर में मौजूद रहे।

# सिद्धनगर इलाके में युवक की मारपीट, हवाई फायरिंग

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 27 दिसंबर।** शहर के सिद्धनगर इलाके में रामबाबू मंदिर के पास शनिवार की शाम को दर्जनभर की संख्या में आए लोगों ने एक युवक की लाठी, डंडों से मारपीट करते हुए कट्टों से कई राउण्ड हवाई फायरिंग की। कोतवाली पुलिस ने घटना को लेकर 4 नामजद सहित तीन अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है।

**कोतवाली पुलिस ने 4 नामजद, तीन अज्ञात के विरुद्ध दर्ज की एफआईआर**

पुलिस को दर्ज कराई गई रिपोर्ट में फरियादी अनिकेत राठौर 16 पुत्र गजेन्द्र सिंह राठौर नि. रामबाबू मंदिर के पास यादव कॉलोनी ने बताया कि उसका 26 दिसंबर को पड़ौस में रहने वाले आरव उर्फ भोला गुर्जर पुत्र केशव सिंह गुर्जर से विवाद हो गया था। इसी बात को लेकर 27 दिसंबर की शाम साढ़े चार बजे भोला गुर्जर, राजा गुर्जर, सुनील गुर्जर, धीरा गुर्जर सहित तीन अन्य बंदूक व कट्टों से लैस होकर उसके घर के सामने आ धमके।

उन्होंने गालियां देना शुरू कर दिया। वहां मौजूद अनिकेत के ताऊ मेहताब सिंह राठौर ने जब उन्हें गालियां देने से रोका तो उन्होंने मेहताब सिंह की लात-घूंसों से मारपीट कर डाली। इस दौरान आरोपियों ने बंदूक एवं कट्टों से ताबड़तोड़ कई राउण्ड हवाई फायरिंग भी की। पुलिस ने धीरा, सुनील, राजा, भोला सहित तीन अन्य लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है।



## जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक 9 को

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 27 दिसंबर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 9 जनवरी शुक्रवार को आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता सांसद शिवमंगल सिंह तोमर द्वारा की जाएगी।

जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ने बताया कि बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

बैठक के दौरान किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, प्रधानमंत्री फसल बीमा, कृषि सिंचाई, किसान सम्मान निधि, जल संसाधन एवं सिंचाई विभाग की योजनाएं, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, उज्ज्वला योजना, ग्राम सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, एकीकृत जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन कार्यक्रम तथा मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

## रामपुर में पति-ससुर ने मिलकर महिला से की मारपीट, केस दर्ज

**मुरैना, 27 दिसंबर।** रामपुरकलां थाना क्षेत्र में रहने वाली 26 दिसंबर को महिला अनीता कुशवाह 26 पत्नी सुनील कुशवाह की उसके पति सुनील और ससुर रामवीर कुशवाह ने गालियां देते हुए मारपीट कर डाली। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## सिग्गल बस्ती में फांसी लगाकर युवक ने की खुदकुशी

**मुरैना, 27 दिसंबर।** शहर के सिग्गल बस्ती इलाके में शनिवार की दोपहर एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार सिग्गल बस्ती इलाके की चमेली वाली गली में रहने वाला प्रशांत सागर पुत्र रमेश सागर शनिवार की दोपहर जब अपने घर में था, तभी उसने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजन ने जब उसे फंदे पर झूलते हुए देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचीं और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## राठौर कॉलोनी में युवक की मारपीट, धमकी

**मुरैना, 27 दिसंबर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत राठौर कॉलोनी में 25 दिसंबर को पवन यादव 32 पुत्र बनवारी यादव नि. महावीरपुरा की जितेन्द्र यादव, भूपेन्द्र यादव, सुनील यादव नि. राठौर कॉलोनी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## तुस्सीपुरा में मृत अवस्था में मिला अज्ञात युवक

**मुरैना, 27 दिसंबर।** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत 26 दिसंबर को राहगीरों ने तुस्सीपुरा में आरएस मैरिज गार्डन के सामने एक अज्ञात युवक को मृत अवस्था में पड़ा हुआ देखा, तब उन्होंने पुलिस को इत्तिला दी। पुलिस मौके पर पहुंचीं और पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक कौन है और किन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई, यह जांच का विषय बना हुआ है। फिलहाल पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के प्रयास तेज कर दिए है।

# प्रदेश के हेरिटेज महेश्वरी स्टॉल का होगा चयन

## कई शहरों में आयोजित किये जायेंगे साड़ी वॉकथान : दिलीप जायसवाल

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 27 दिसंबर. हस्तशिल्प और हैण्डलूम से जुड़े विभाग के ब्रॉण्ड- मृगनयनी, विंध्या वैली, कबीरा और प्राकृत के उत्पाद मप्र पर्यटन की इकाइयों और प्रदेश के प्रमुख धार्मिक केन्द्रों सहित लोकों में विक्रय के लिए आकर्षक रूप से प्रदर्शित कराये जायेंगे.**

उन्होंने कहा कि साड़ी पहनने की गौरवशाली परम्परा को प्रोत्साहित करने के लिए इंदौर में हुए साड़ी वॉकथान जैसे आयोजन प्रदेश के अन्य शहरों में आयोजित किये जायेंगे. यह जानकारी कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल ने पत्रकार वार्ता के दौरान दी. दो वर्ष की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि रेशम उत्पादन गतिविधियों का प्रदेश के अन्य जिलों में विस्तार तथा इस गतिविधि में निजी भागीदारी को प्रोत्साहित किया जायेगा. प्रदेश के विभिन्न प्रकार के उत्पादों के जीआई टैग प्राप्त करने की जानकारी का संकलन किया जायेगा. उन्होंने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री कार्यालय में अतिथियों को भेंट करने के लिए प्रदेश के हेरिटेज महेश्वरी स्टॉल का चयन किया गया है. विभाग द्वारा यह स्टॉल विशेष रूप से गोंड पेंटिंग और बेलमेटल से सुसज्जित लकड़ी के बॉक्स में प्रदाय किए जा रहे हैं. इन स्टॉल की मांग विदेशी दूतावासों से भी प्राप्त हुई है. जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में मप्र देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है.



योजना के तहत ऋण प्रकरणों की स्वीकृति में मप्र का देश में चौथा और ऋण वितरण में तृतीय स्थान है. पिछले 2 वर्षों के दौरान 436.34 करोड़ रुपये के 48 हजार 63 ऋण प्रकरण स्वीकृत किये गये हैं. इसी तरह 378.06 करोड़ रुपये के 42 हजार 559 ऋण प्रकरण वितरित किये गये हैं. राज्यमंत्री ने कहा कि कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिये विभिन्न नवाचार किये जा रहे हैं. एक जिला-एक उत्पाद योजना के तहत जरी-जरजोदी एवं जूट, लकड़ी के खिलौने, बाग प्रिंट, सीधी कारपेट, चंदेरी साड़ी, दतिया, गुना एवं उज्जैन के बटिक प्रिंट के उत्पादों की ब्रॉण्डिंग एवं विपणन किया जा रहा है.

**आम सूचना**

श्री कम्पोटर पुत्र श्री महेन्द्र के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.17, स्थित ग्राम जैतपुर नूराबाद, तहसील बामौर व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.05 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.72/2/1 ग्राम जैतपुर नूराबाद का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में सम्पत्ति विक्रेता, पश्चिम में-सम्पत्ति विक्रेता, उत्तर में-भूमि मातादीन एवं दक्षिण में रास्ता 20 फुट चौड़ा है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती राजेन्द्री पत्नी श्री बच्चाराम एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्रीमती राजेन्द्री द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री कम्पोटर पुत्र श्री महेन्द्र को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी25792023ए11798022 दिनांक 03.05.2023 से विक्रय की गई। श्री कम्पोटर द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान टायगर होम फायनेन्स प्राइवेट लिमिटेड, ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. - भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

**आम सूचना**

श्री सुरेन्द्र सिंह सिकरवार पुत्र श्री प्रताप सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित बृजधाम कॉलोनी, ग्राम अतरसुमा, परगना एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.04 (किडवई) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.1182/2 ग्राम अतरसुमा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में भूखण्ड क्र.04, पश्चिम में भूखण्ड क्र.06 का शेष भाग, उत्तर में - रास्ता 20 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में भूखण्ड क्र.बी-173 एवं बी-174 है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व श्री रघुनाथ सिंह पुत्र श्री विक्रम सिंह के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री रघुनाथ सिंह का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री चंदन सिंह, श्री मुन्नालाल, श्री मलखान सिंह, श्री रामविलास पुत्रगण श्री रघुनाथ उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री चंदन सिंह द्वारा सम्पत्ति रकवा 1.105 हैक्टेयर एरिया श्री शिवमोहन सिंह सिकरवार पुत्र श्री शैलेन्द्र सिंह सिकरवार को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 25792021ए1794969 दिनांक 17.09.2021 से विक्रय की गई। श्री शिवमोहन सिंह सिकरवार द्वारा सम्पत्ति 600 वर्गफुट एरिया श्री नरेश कुमार शर्मा पुत्र श्री शंभूदयाल शर्मा को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी25792023ए11449601 दिनांक 07.02.2023 से विक्रय की गई। श्री शिवमोहन सिंह सिकरवार द्वारा सम्पत्ति 600 वर्गफुट एरिया श्री रामबाबू जोशी पुत्र श्री शंभूदयाल जोशी को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी25792023ए11449556 दिनांक 07.02.2023 से विक्रय की गई। श्री नरेश कुमार शर्मा एवं श्री रामबाबू जोशी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री सुरेन्द्र सिंह सिकरवार पुत्र श्री प्रताप सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी25792024ए1614944 दिनांक 20.05.2024 से विक्रय की गई। श्री सुरेन्द्र सिंह सिकरवार द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान एसएमएफजी इंडिया होम फायनेंस कम्पनी लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्री रघुनाथ सिंह के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित-निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. - भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710